दिन– शुक्रवार दिनांक– 02/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. निगरानी ब्यूरो राज्य के छह अधिकारियों और दो पूर्व मुखिया की सम्पत्ति को करेगा जब्त।

02. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के अंतर्गत गांव का कोई भी काम कराने का निर्णय ग्राम सभा करेगी।

03. उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत आज पटना आ रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश कल पटना उच्च न्यायालय परिसर में कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– गोपालगंज, सहरसा और पूर्णिया समेत सात जिलों में शीतदिवस बने रहने की सम्भावना।

————————————————————————————

निगरानी ब्यूरो राज्य के छह अधिकारियों और दो पूर्व मुखिया की सम्पत्ति को जब्त करेगा। विभाग के अपर महानिदेशक जितेन्द्र सिंह गंगवार ने बताया कि जिन अधिकारियों की सम्पत्ति जब्त की जायेगी इसका प्रस्ताव पिछले वर्ष ही राज्य सरकार को भेजा गया था। श्री गंगवार ने कहा कि सबसे अधिक राशि ग्रामीण कार्य विभाग के तत्कालीन अधीक्षण अभियंता ओम प्रकाश मांझी का है। जिनकी नब्बे लाख रूपये से अधिक की सम्पत्ति जब्त की जायेगी। इसके साथ ही लखीसराय के तत्कालीन वन क्षेत्र पदाधिकारी दिलीप कुमार, गोपालगंज जिले के एसडीओ विजय प्रकाश सिंह, मोतिहारी नगर परिषद के टैक्स दारोगा अजय कुमार गुप्ता, पटना ग्रामीण की सीडीपीओ फुलपरी कुमार, दरभंगा के न्यायिक दंडाधिकारी राकेश कुमार राय शामिल हैं। ये सभी पदाधिकारी वर्तमान में अपने पदों से हटाये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही पश्चिम चम्पारण जिले के लोरिया पंचायत के मुखिया मैनेजर यादव की अस्सी लाख रूपये से अधिक और समस्तीपुर जिले के जितवरिया पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार राय की तीन लाख रूपये से अधिक की सम्पत्ति जब्त की जायेगी।

इधर, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने राजस्व और भूमि सुधार विभाग के तत्कालीन नौ पदाधिकारी और एक कर्मचारी पर प्राथमिकी दर्ज की है। ब्यूरो के अनुसार विभाग से मिले प्रतिवेदन के आधार पर मुआवजा मामले में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में यह कार्रवाई की गयी है। यह सभी पदाधिकारी और कर्मी पटना जिले के भू–अर्जन विभाग के हैं।

————————————————————————————

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, दो हजार पच्चीस के अंतर्गत गांव की ज़रूरत का कोई भी काम कराया जा सकता है, लेकिन यह फैसला ग्राम सभा करेगी। श्री चौहान ने महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के लोनी बुद्रुक में आयोजित एक ग्राम सभा में कहा कि अब मज़दूरी एक सप्ताह के भीतर देना अनिवार्य होगा। श्री चौहान ने कहा कि अगर पन्द्रह दिन में भुगतान नहीं हुआ, तो मज़दूर को शून्य दशमलव शून्य पांच प्रतिशत अतिरिक्त मज़दूरी ब्याज के रूप में दी जायेगी। उन्होंने बताया कि इस योजना में एक–तिहाई यानी तैंतीस प्रतिशत काम महिलाओं को देना अनिवार्य किया गया है। राज्य सरकारों को अधिकार दिया गया है कि वो कटाई–बुवाई के समय अधिकतम साठ दिन तक मजदूरों को कृषि कार्य में लगाने के लिए अधिसूचना जारी कर सकें। किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि प्रशासनिक व्यय को छह प्रतिशत से बढ़ाकर नौ प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे रोजगार सहायकों के वेतन में देरी और भुगतान रोके जाने की समस्याएं न हो।

———————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन अगले वर्ष पन्द्रह अगस्त से शुरू होने की संभावना है। नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुये श्री वैष्णव ने कहा कि यह बुलेट ट्रेन अहमदाबाद और मुंबई के बीच चलेगी। सबसे पहले सूरत से बिलिमोरा तक का सेक्शन और उसके बाद वापी से सूरत तक का सेक्शन खोला जायेगा।

———बाईट———

बुलट का पहला सेक्सन ही सूरत से बिलमिोरा ओपन होगा। इसके बाद में वापी से सूरत ओपन होगा, उसके बाद में वापी से अहमदाबाद ओपन होगा और उसके बाद ठाणे से अहमदाबाद ओपन होगा फरि मुम्बई से हैदराबाद ओपन होगा। तीन टेक्नॉलोजी जो सबसे ईम्पोटेंट होती है सस्पेंशन वाली बोगी की टेक्नॉलोजी, कम्प्रेशन की टेक्नॉलोजी और व्हीकल कंट्रोल की टेक्नॉलोजी ये तीनों का डिजाइन पूरा हो गया है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली के राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में भगवान बुद्ध से संबंधित पावन पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्‌घाटन करेंगे। इस प्रदर्शनी में पहली बार पिपरहवा से संबंधित अवशेष और पुरातातविक सामग्री एक साथ प्रदर्शित की जाएगी। एक सदी से भी अधिक समय बाद पिपरहवा से लाए गए ये अवशेष नई दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय और कोलकाता के भारतीय संग्रहालय में संरक्षित रखे गए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार वर्ष अठारह सौ अंठानवे में पिपरहवा अवशेषों का पता लगा था। प्रारंभिक बौद्ध धर्म के पुरातात्विक अध्ययन में भगवान बुद्ध से सीधे संबंधित इन अवशेषों का महत्वपूर्ण स्थान है। पिपरहवा स्थल से जुड़े पुरातात्विक प्रमाण इसे प्राचीन कपिलवस्तु से जोड़ते हैं, जहां भगवान बुद्ध

ने अपना प्रारंभिक जीवन बिताया था। यह प्रदर्शनी बौद्ध धर्म से जुड़े सभ्यतागत सम्पर्कों तथा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है।

———————————————————————

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत आज पटना आ रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश कल पटना उच्च न्यायालय परिसर में कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही न्यायिक अधिकारियों के लिए विकसित किये गये प्रौद्योगिकी सक्षम, ईएसीआर न्याय का उद्‌घाटन करेंगे। वहीं, वीडियो कांफ्रेंस से गयाजी स्थित न्यायाधीश अतिथि गृह का उद्‌घाटन भी करेंगे। इधर, ओडिशा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संगम कुमार साहू को पटना उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है। इस संबंध में केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी है।

———————————————————————

नेशनल मेडिकल कमीशन एनएमसी ने राज्य के चिकित्सकों को दवा परची पर साफ–साफ और कैपिटल अक्षरों में दवा का नाम लिखने का निर्देश दिया है। एनएमसी के अनुसार चिकित्सक केवल जेनेरिक दवा का नाम ही पर्चे पर लिखेंगे। पीएमसीएच और आईजीआईएमएस के प्राचार्यों ने संयुक्त रूप से बताया कि इस निर्देश का सख्ती से पालन कराया जायेगा। अनियमितता पाये जाने पर चिकित्सकों पर कार्रवाई की जायेगी।

———————————————————————

विश्व के किसी भी जगह से राज्य में फिल्म शूटिंग का स्थान आसानी से खोजा जा सकेगा। कला और संस्कृति विभाग के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि इसके लिए बिहार स्टेट फिल्म विकास निगम ने एक वेबसाईट लॉन्च किया है। उन्होंने कहा कि इस वेबसाईट पर राज्य के कलाकारों का भी विस्तृत विवरण उपलब्ध है।

———————————————————————

राज्य में जीविका दीदियों के कार्यों पर सात राज्यों के छात्र–छात्राएं शोध कर रहे हैं। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि देश के सात राज्यों के विश्वविद्यालय और उनसे संबंधित कॉलेजों ने अपने परियोजना कार्य में जीविका दीदियों को शामिल किया है। श्री शर्मा ने कहा कि महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, असम, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश शामिल हैं। उन्होंने बताया कि राजधानी पटना के गांधी मैदान में चल रहे सरस मेले में भी छात्र–छात्राओं की टीम जीविका दीदियों के कार्यों का निरीक्षण कर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर रही है।

———————————————————————

वर्ष दो हजार पच्चीस भारत के विकास पथ में एक निर्णायक कालखंड है। इस वर्ष नीतियों ने प्रगति को नई धार दी और इरादों ने दिए सार्थक परिणाम। आज विशेष श्रृंखला सुधारों का वर्ष में प्रस्तुत है दो हजार पच्चीस के दौरान प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारत की प्रगति।

———रिपोर्ट———

————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आज भी घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले पांच दिनों तक मौसम के रूख में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के गोपालगंज, दरभंगा, सहरसा और पूर्णिया समेत सात जिलों में शीतदिवस की चेतावनी जारी की गयी है। वहीं, राज्य के उत्तर और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में कल सुबह कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीवान का जीरादेई राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान पांच दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर किए जा रहे उन दावों का खंडन किया है जिनमें दस लाख रुपए से अधिक के बैंक लेनदेन पर पचासी प्रतिशत कर लगाने की बात कही गई है। पत्र सूचना कार्यालय – पीआईबी के तथ्य जांच इकाई ने इस दावे को फर्जी बताते हुए कहा कि आयकर केवल आय पर लगाया जाता है न कि लेनदेन पर। पीआईबी ने स्पष्ट किया है कि आयकर कानून में दस लाख रुपए से अधिक के बैंक लेनदेन पर किसी तरह का कर लगाने का कोई प्रावधान नहीं है।

————————————————————————

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कहा है कि पहली फरवरी से सभी नए फास्टैग जारी करने के लिए कारों के नो योर व्हीकल–के.वाई.वी. कार्ड बंद कर दिए जाएंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार यह कदम राजमार्गों से आने जाने वाले लोगों की सुविधा और फास्टैग एक्टिवेशन के बाद होने वाली परेशानी को खत्म करने के लिए उठाया गया है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि केवल शिकायत वाले विशेष मामलों में ही के.वाई.वी कार्ड आवश्यक होगा।

————————————————————————

परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने नवादा के एक कार्यक्रम में पटना से ककोलत जलप्रपात तक जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। परिवहन मंत्री ने कहा कि अभी एक बस का संचालन शुरू किया गया है, लेकिन बाद में इसकी संख्या बढ़ाई जाएगी।

---

कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। कोढ़ा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि मृतक का आपराधिक इतिहास रहा है।

---

अररिया जिले में साइबर थाना पुलिस ने फिंगर प्रिंट क्लोन कर रूपये की अवैध निकासी करने वाले एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है।

---

पटना जंक्शन से रेल पुलिस ने दस लाख रूपये के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को लूटने का काम करते थे।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– जी राम जी से स्कूलों के वर्ग कक्ष बनेंगे और सोलर लाईट भी लगायी जायेगी। मोबाईल से मजदूरों की लगेगी हाजिरी।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– एक फरवरी से अतिरिक्त शुल्क, बढ़ जायेंगे गुटखा, बीड़ी और सिगरेट के दाम।

प्रभात खबर ने भवन निमार्ण मंत्री विजय कुमार चौधरी के हवाले से लिखा है –योजनाओं को समय पर करें पूरा।

दैनिक भास्कर की विशेष रिपोर्ट है – एडीबी फंडिंग से बदलेगा छह जिलों का सफर, सड़कें टू–लेन बनेंगी। बाढ़ के दौरान भी आवागमन होगा सुगम।

राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है–नव वर्ष पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़। आज अखबार की सुर्खी है– सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के लिए पाठ टीका, लिखना होगा अनिवार्य। शिक्षकों की फर्जी उपस्थिति दर्ज होने पर प्रधानाध्यापकों पर भी होगी कार्रवाई।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. निगरानी ब्यूरो राज्य के छह अधिकारियों और दो पूर्व मुखिया की सम्पत्ति को करेगा जब्त।

02. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के अंतर्गत गांव का कोई भी काम कराने का निर्णय ग्राम सभा करेगी।

03. उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत आज पटना आ रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश कल पटना उच्च न्यायालय परिसर में कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– गोपालगंज, सहरसा और पूर्णिया समेत सात जिलों में शीतदिवस बने रहने की सम्भावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।